Deborah Bress का बयान, **मेयर** की प्रत्याशी, **Santa Clara शहर**

पेशा: छोटे व्यवसाय की मालिक

शिक्षा व योग्यताएं:

Santa Clara के मतदाताओं को भ्रष्ट लेन-देन को खत्म करने के समर्थन में मतदान करना होगा |
निजी लाभ के लिए करदाताओं की लाखों डॉलर्स की संपत्ति, बिना हमारी जानकारी व अनुमति के ट्रान्सफर की गई है | मेयर बनकर, मैं न्याय विभाग को Santa Clara से सम्बंधित दस्तावेज़ों का संपूर्ण परीक्षण करने के लिए आमंत्रित करुँगी |

मैं:

राजकोषीय कुप्रबंध के संकट का समाधान करुँगी, जिसके कारण Santa Clara शहर पर करोड़ों डॉलर्स का बोझ आ गया है |

दीर्घकालिक योजना में आई कमियों को उजागर व ठीक करुँगी | एल कमीनो को साफ़ करुँगी | कम्युनिटी पार्क्स को सुरक्षित करुँगी | पर्यावरण व जीवन की गुणवत्ता को संरक्षित करना कोई वैकल्पिक कार्य नहीं है |

जनता से महत्वपूर्ण सुझावों को प्राप्त करने के कार्य को और बढ़ावा दूंगी | अभी चल रही एक मिनट के सुझाव देने की सीमा, लोगों से जुड़ने में रोकती है | इसे ठीक करने के लिए, मैं प्रत्येक शहर योजना पर जनता से विचार विमर्श करवाउंगी | परिषद के सदस्यों को हर महीने शहरियों के लिए समय रखना चाहिए |

सिलिकॉन वैली के मुख्य उद्योगों की बहुमिलियन डॉलर्स की परियोजनाओं के संचालन करने में मुझे तीन दशकों का अनुभव प्राप्त है | मैंने कई सफल, भिन्न व कार्यकुशल टीमों का संचालन किया है जिन्होंने असंभव कार्यों को समय पर व कम खर्च में संभव किया है |

मैं राजनीती में करियर बनाने के लिए नहीं आई हूँ और ना ही इसे अपना करियर बनाउंगी | मैं किसी के विशेष हित्तों द्वारा प्रायोजित उम्मीदवार नहीं हूँ | आपके पास अपनी सरकार पर नियंत्रण रखने का अधिकार है |
Deborah Bress को मेयर के पद के लिए मतदान करें |
www.deborahformayor.com